Mail
16/06/2021

झारखण्ड सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

-: आदेश :-

संख्या-11/JAC.03-01/2021..................../ वैश्विक महामारी COVID-19 के द्वितीय लहर के प्रकोप के कारण राज्य के आम जन-जीवन पर इसका काफी दुष्प्रभाव पड़ा है। कोविड महामारी के प्रसार को कम करने के उद्देश्य से गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग (आपदा प्रबंधन प्रभाग), झारखण्ड, रांची के आदेश ज्ञापांक-250 दिनांक 20.04.2021 द्वारा दिनांक 22.04.2021 से **'स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह'** अधिसूचित किया गया है। उक्त आदेश द्वारा सुरक्षा उपाय के तहत् राज्य के सभी सरकारी/गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों का भौतिक संचालन बंद है।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 23.03.2020 से संपूर्ण देश में पूर्ण लॉकडाउन अधिसूचित किया गया था, जिसे चरणबद्ध रूप में पूर्व स्थिति में स्थापित किया गया है, परंतु विगत शैक्षणिक सत्र में सभी सरकारी विद्यालयों का भौतिक संचालन लगभग नहीं हुआ है। यद्यपि छात्रों के पठन-पाठन को सुचारू रूप से जारी रखने के उद्देश्य से विभाग द्वारा ऑनलाईन कक्षाओं का संचालन नियमित रूप से किया गया है, परंतु परीक्षाओं का भौतिक रूप से संचालन की स्थिति नहीं है। उल्लेखनीय है कि निदेशालय के पत्रांक-831 दिनांक 27.05.2021 द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 में वर्ग-09 एवं वर्ग-11 में अध्ययनरत छात्रों को शैक्षणिक सत्र 2021-22 हेतु अगली कक्षा में प्रोन्नत करने का भी निर्णय लिया जा चुका है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में शैक्षणिक सत्र 2020-21 हेतु झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, रांची द्वारा आयोजित की जाने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2021 को रद्द किया जाता है।

2. राज्य के सरकारी माध्यमिक एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में वर्ग-10 एवं वर्ग-12 में अध्ययनरत छात्रों के परीक्षाफल प्रकाशन एवं अगली कक्षा में प्रोन्नत करने हेतु दिशा-निर्देश अलग से निर्गत किया जाएगा।

ह0/-

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,

झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक-11/JAC-03-01/2021...917......../ **राँची, दिनांक**...16/06/2021.../

प्रतिलिपि:-माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, रांची/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

15/06/2021

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,

झारखण्ड, राँची।